## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 14.04.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री ने कहा– नीति निर्माण में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने में सहायक होगी।

2. अग्निशमन सेवा दिवस के उपलक्ष्य में श्री विजयपुरम स्थित अग्निशमन मुख्यालय में स्मृति दिवस के आयोजन के साथ हुई, अग्निशमन सेवा सप्ताह की शुरुआत।

3. द्वीप खाद्य महोत्सव के अंतर्गत पाक कला प्रतियोगिता के लिए आवेदन आमंतित्र।

4. नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से अप्रैल माह में दक्षिण अंडमान के विभिन्न ग्राम पंचायतों में विशेष आधार शिविरों के आयोजन किए जा रहे हैं।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि नीति–निर्माण और निर्णय लेने में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत की यात्रा का दृष्टिकोण और मजबूत होगा। भारत की नारी शक्ति को लिखे पत्र में श्री मोदी ने कहा कि 16 अप्रैल को संसद, नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संबंधित महत्वपूर्ण संवैधानिक संशोधन पर चर्चा और उसे पारित करने के लिए दोबारा सत्र शुरू करेगी। प्रधानमंत्री ने सदन में इस विधेयक के पारित होने की आशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि देशभर की महिलाएं विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का एक अनूठा अवसर मिलने पर खुशी व्यक्त कर रही हैं।

<><><><><><><>

संसद और राज्य विधानसभाओं में वर्ष 2029 से 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' संशोधन 2023 के माध्यम से तैंतीस प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करने के ऐतिहासिक कदम का प्रचार–प्रसार करने और उसकी गूंज फैलाने के उद्देश्य से, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की भाजपा महिला मोर्चा कल एक "विशाल बाइक रैली" का आयोजन कर रहा है, जिसमें केवल महिलाएं ही भाग लेंगी। यह रैली दोपहर 3 बजे ITF ग्राउंड से शुरू होकर फ्लैग पॉइंट पर समाप्त होगी।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा ने आज पूरे देश के साथ अग्निशमन सेवा दिवस मनाया। इस वर्ष का विषय "सुरक्षित स्कूल, सुरक्षित अस्पताल एवं अग्नि सुरक्षा जागरूक समाज – अग्नि रोकथाम के लिए एकजुटता" रखी गई। अग्निशमन सेवा सप्ताह की शुरुआत आज से श्री विजयपुरम स्थित अग्निशमन मुख्यालय में स्मृति दिवस के आयोजन के साथ हुई, जहां ड्यूटी के दौरान शहीद हुए अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक (अग्नि), गीता रानी वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं और उन्होंने परेड की सलामी ली। अपने संबोधन में उन्होंने अग्निशमन कर्मियों की जिम्मेदारियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे द्वीपवासियों के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि विभाग ने अब तक लगभग 116 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति को बचाने में सफलता हासिल की है, जो एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। मुख्य अतिथि ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का समापन श्री विजयपुरम नगर क्षेत्र में अग्निशमन वाहनों की फ्लैग मार्च के साथ हुआ, जिसका उद्देश्य आम जनता के बीच अग्नि सुरक्षा एवं बचाव उपायों के प्रति जागरूकता फैलाना था।

<><><><><><>

डॉ. भीम राव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आज अंडमान विधि महाविद्यालय के सभागार में छात्रों और शिक्षकों ने बैठक आयोजित कर डॉ. बी.आर. अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा के उप सचिव अजीत कुमार ने छात्रों से उनके आदर्शों को अपनाने का आग्रह किया। प्राचार्य डॉ. पी.वी.एन. शर्मा ने भारतीय राजव्यवस्था में अंबेडकर के योगदान पर प्रकाश डाला। सहायक प्रोफेसर डॉ. एस. लोगनाथन ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित प्रदर्शनी मैदान में 17 से 19 अप्रैल तक आयोजित होने वाले द्वीप खाद्य महोत्सव – स्वाद, संस्कृति एवं परंपरा का उत्सव के तहत पाक कला प्रतियोगिता के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह प्रतियोगिता तीनों दिनों में विभिन्न विषयों पर आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम के अनुसार 17 अप्रैल को "रिफ्रेश एंड रिवाइव – आइलैंड वेलकम ड्रिंक" विषय पर प्रतियोगिता होगी, जिसमें प्रतिभागियों को आम, नारियल, खरबूजा, चीकू जैसे स्थानीय उत्पादों का उपयोग कर पेय पदार्थ बनाना होगा। 18 अप्रैल को स्थानीय फलों एवं सब्जियों से नक्काशी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जबकि 19 अप्रैल को थीम आधारित केक सजावट प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता में बिना आग वाली तैयारियां की ही अनुमति होगी।

प्रतिभागियों को अपने आवश्यक सामग्री एवं बर्तन स्वयं लाने होंगे। रचनात्मकता, स्वाद, प्रस्तुति, स्वच्छता एवं थीम के अनुरूपता के आधार पर ही विजेता चुना जाएगा। विजेताओं को ट्रॉफी एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। इच्छुक प्रतिभागी निर्धारित प्रारूप में अपने आवेदन कल सुबह 10 बजे तक andamantourismgh@gmail.com पर भेज सकते हैं। आवेदन प्रपत्र पर्यटन विभाग की आधिकारिक वेबसाइट tourism.andamannicobar.gov.in के "व्हाट्स न्यू" कॉलम में उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति अनिला एक्का से फोन संख्या 94–74–217–630 पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><>

नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से अप्रैल माह के लिए दक्षिण अंडमान के विभिन्न ग्राम पंचायतों में विशेष आधार शिविरों के आयोजन किए जा रहे हैं। यह शिविर कल और सोलह अप्रैल को शोर पॉइंट, सत्रह और बीस बम्बूफ्लाट–एक, इक्कीस और बाईस अप्रैल बम्बूफ्लाट–दो, तेईस और चौबीस अप्रैल स्टुअर्टगंज, सताई और अटठाईस अप्रैल होपटाउन में तथा उनतीस और तीस अप्रैल को सिप्पीघाट में सुबह साढ़े नौ बजे से शाम चार बजे तक लगेगी।

<><><><><><>

TSG होटल्स एंड रिसॉट्र्स द्वारा मरीना पार्क तट और राजीव गांधी वॉटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आज सफ़ाई अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य द्वीपों में साफ़–सुथरा और टिकाऊ वातावरण बनाए रखने के प्रयासों को और मज़बूत करना था। इस अभियान में टी एस जी समूह के सदस्य और कर्मचारियों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और लगभग 20 बैग कूड़ा इकट्ठा किया। टी एस जी के कॉर्पोरेट महाप्रबंधक ने द्वीपों की प्राकृतिक सुंदरता को बनाए रखने में सामूहिक ज़िम्मेदारी के महत्व पर ज़ोर दिया। उन्होंने सभी द्वीपवासियों और यहाँ आने वाले पर्यटकों से सफ़ाई बनाए रखने और हरे–भरे और स्वस्थ वातावरण के निर्माण में अपना योगदान देने की अपील की। यह पहल TSG होटल्स एंड रिसॉट्र्स के प्रबंध निदेशक जी. भास्कर के मार्गदर्शन में की गई।

<><><><><><>

अतुल स्मृति समिति, द्वारा बंगाली नव वर्ष "शुभो नबो बर्शो" का आयोजन कल शाम सात बजे समिति परिसर में किया जाएगा। सभी को इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है तथा कार्यक्रम की सफलता के लिए सहयोग की अपेक्षा की है।

<><><><><><>

महात्मा गांधी राजकीय महाविद्यालय, मायाबंदर के वर्ष 2019–20 बैच के स्नातक डिग्री प्रमाणपत्र पांडिचेरी विश्वविद्यालय से प्राप्त हो गए हैं। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा इन प्रमाणपत्रों का वितरण प्रारंभ कर दिया गया है। प्राचार्य द्वारा जारी सूचना के अनुसार संबंधित बैच के सभी छात्र–छात्राएं अपने डिग्री प्रमाणपत्र महाविद्यालय के प्रवेश एवं परीक्षा अनुभाग से सभी कार्यदिवसों में प्राप्त कर सकते हैं।

**<><><><><><><>**